बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आज दिनांक 06.04.2024 को मैट्रिक विशेष परीक्षा, 2024 एवं मैट्रिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया।

2. इस संबंध में श्री आनन्द किशोर, अध्यक्ष, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन दिनांक 04.05.2024 से 11.05.2024 तक दो पालियों में किया जाएगा। दोनों पालियों में परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। प्रथम पाली की परीक्षा, जो पूर्वाह्न 09:30 बजे से प्रारंभ होगी, के लिए पूर्वाह्न 09:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली की परीक्षा, जो अपराह्न 02:00 बजे से प्रारंभ होगी, के लिए अपराह्न 01:30 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

3. सभी पालियों में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थी को प्रश्नों को पढ़ने व समझने के लिए दिया जाता है।

4. विद्यालय स्तर पर प्रेक्टिकल परीक्षा का आयोजन दिनांक–29.04.2024 एवं 30.04.2024 को किया जायेगा।

5. मैट्रिक विशेष परीक्षा, 2024 एवं मैट्रिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 का कार्यक्रम निम्नवत है–

परीक्षा की तिथि/दिन	प्रथम पाली (First Shift)	द्वितीय पाली (Second Shift)
04.05.2024 (शनिवार)	**मातृभाषा** (101-हिन्दी, 102-बंगला, 103-उर्दू एवं 104-मैथिली) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक)	**द्वितीय भारतीय भाषा** (105-संस्कृत, 106-हिन्दी 107-अरबी, 108-फारसी, एवं 109-भोजपुरी) (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक)
09.05.2024 (गुरूवार)	**112–विज्ञान** (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक) **125–संगीत (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)** (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक)	**111–सामाजिक विज्ञान** (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:45 बजे तक)
10.05.2024 (शुक्रवार)	**110-गणित** (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) **126–गृह विज्ञान (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)** (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक)	**113-अंग्रेजी (सामान्य)** (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक)
11.05.2024 (शनिवार)	**ऐच्छिक विषय** (114-उच्च गणित, 115-वाणिज्य, 116-अर्थशास्त्र, 121-फारसी 122-संस्कृत, 123-अरबी एवं 124-मैथिली) (पूर्वाह्न 09.30 बजे से अपराह्न 12.45 बजे तक) (117-ललित कला, 118-गृह विज्ञान, 119-नृत्य एवं 120-संगीत) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक)	**व्यावसायिक ऐच्छिक विषय** 127–सुरक्षा, 128–ब्यूटिशियन, 129–टूरिज्म, 130–रिटेल मैनेजमेंट, 131–ऑटोमोबाईल, 132–इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर, 133–ब्यूटी एण्ड वेलनेस, 134–टेलीकॉम एवं 135–आई0टी0/आई0टीज0 ट्रेड (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक)

6. दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए पूर्व की भांति गणित के स्थान पर गृह विज्ञान एवं विज्ञान के स्थान पर संगीत विषय की परीक्षा ली जाएगी। तद्नुसार दृष्टिबाधित परीक्षार्थी दिनांक 09.05.2024 की प्रथम पाली में आयोजित विज्ञान विषय के बदले संगीत तथा दिनांक 10.05.2024 की प्रथम पाली में आयोजित गणित विषय के बदले गृह विज्ञान की परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

7. पूर्व की भांति स्पॉस्टिक (Spastic) दृष्टिबाधित एवं वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, को जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उन्हें नन–मैट्रिक स्तर के लेखक रखने की अनुमति दी जाएगी एवं इससे संबंधित सूचना समिति कार्यालय को भी उपलब्ध करायी जाएगी। ऐसे परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए निर्धारित समय में 20 मिनट प्रति घंटा अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

8. समिति द्वारा इस परीक्षा का परिणाम 31 मई, 2024 तक जारी करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि इस परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों का एक वर्ष खराब नहीं हो और वे इसी सत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए शिक्षण संस्थानों में नामांकन ले सकें।